भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न सं. *252.**

जिसका उत्तर 12.12.2024 को दिया जाना है

**उत्तर-पूर्वी राज्यों में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं**

*252. श्री राजेश रंजन:
श्री हैबी ईडन

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्तर-पूर्वी राज्यों अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर और त्रिपुरा में 98 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है, कितनी परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं, कितनी निर्माणाधीन हैं और कितनी अभी शुरू होनी हैं;

(ख) इन परियोजनाओं के लिए कुल अनुमानित निवेश कितना है और चारों राज्यों में धनराशि का आवंटन कितना

(ग) क्या सरकार ने इन राजमार्ग परियोजनाओं को पूरा करने के लिए विशिष्ट समय-सीमा निर्धारित की है, यदि हां तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में इन परियोजनाओं के कार्यान्वयन में आने वाली चुनौतियों का समाधान करने और विलंब को रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) एक विवरण सदन के पटल पर रखा जाता है।

**"उत्तर-पूर्वी राज्यों में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं" के संबंध में श्री राजेश रंजन और श्री हैबी ईडन** द्वारा पूछे गए **दिनांक 12.12.2024 के लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. *252 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क) और (ख) अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर और त्रिपुरा राज्यों में राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) परियोजनाओं (निर्माणाधीन, 2024-25 के दौरान पूर्ण, अनुमोदित लेकिन अभी तक शुरू नहीं हुई) का राज्य-वार ब्यौरा निम्नानुसार है:

| क्र. सं. | राज्य का नाम | **निर्माणाधीन परियोजनाओं का विवरण** | | | **2024-25 के दौरान पूरी की गई परियोजनाओं का विवरण** | | | **अनुमोदित लेकिन अभी तक शुरू नहीं हुई परियोजनाओं का विवरण** | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **सं.** | **लंबाई (किमी)** | **लागत (करोड़ रुपये में)** | **सं.** | **लंबाई (किमी)** | **लागत (करोड़ रुपये में)** | **सं.** | **लंबाई (किमी)** | **लागत (करोड़ रुपये में)** |
| 1 | अरुणाचल प्रदेश | 33 | 604 | 7828 | 3 | 53 | 471 | 35 | 1238 | 27344 |
| 2 | नगालैंड | 34 | 713 | 9502 | 1 | 23 | 365 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | मणिपुर | 35 | 753 | 10355 | 3 | 26 | 188 | 5 | 115 | 1717 |
| 4 | त्रिपुरा | 16 | 302 | 7098 | 1 | 9 | 5 | 1 | 36 | 727 |
| | **कुल** | **118** | **2372** | **34783** | **8** | **111** | **1029** | **41** | **1389** | **29788** |

निर्माणाधीन कार्यों, पूरे हो चुके कार्यों और अनुमोदित लेकिन अभी तक शुरू नहीं हुई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के खर्चों के लिए परियोजना-वार नहीं बल्कि राज्य-वार निधियां आवंटित की जाती है। 2024-25 के दौरान अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर और त्रिपुरा राज्यों में राष्ट्रीय राजमार्गों पर विकास और रखरखाव कार्यों के लिए आवंटित निधियां इस प्रकार है:

| **क्र. सं.** | **राज्य** | **आवंटन (करोड़ रुपये में)** |
|---|---|---|
| 1 | अरुणाचल प्रदेश | 2,287 |
| 2 | नगालैंड | 734 |
| 3 | मणिपुर | 1,097 |
| 4 | त्रिपुरा | 406 |

(ग) राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का पूरा होना ऋण भार मुक्त भूमि की उपलब्धता, वन मंजूरी, पर्यावरण मंजूरी, जनोपयोगी सुविधाओं के स्थानांतरण, कार्य करने लायक मौसम, ठेकेदार की वित्तीय स्थिति आदि पर निर्भर है।

अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर और त्रिपुरा राज्यों में निर्माणाधीन सभी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं को 2027 तक पूरा किया जाना है।

(घ) पूर्वोत्तर क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के निष्पादन में आने वाली चुनौतियों का समाधान करने और विलंब से बचने के लिए उठाए गए कदमों में निम्नलिखित शामिल हैं:

(i) भूमि अधिग्रहण को सुव्यवस्थित करना

(ii) विवाद समाधान तंत्र को नया रूप दिया गया

(iii) भूमि अधिग्रहण, मंजूरी आदि के संदर्भ में पर्याप्त तैयारी के बाद परियोजनाओं को सौंपना।

(iv) संरेखण को अंतिम रूप दिए जाने के बाद यथाशीघ्र सही तरीके से तैयार उपयोगिता अनुमान प्राप्त किए जाने हैं और वे मूल्यांकन प्रस्ताव का हिस्सा होंगे।

(v) अन्य मंत्रालयों और राज्य सरकारों के साथ घनिष्ठ समन्वय

(vi) विभिन्न स्तरों पर नियमित समीक्षा

(vii) कार्यक्षेत्र में परिवर्तन और समय विस्तार प्रस्तावों को शीघ्र स्वीकृति प्रदान करना; और

(viii) कार्यों की मंजूरी से पहले नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप का मूल्यांकन, ताकि अन्य विभाग/मंत्रालय मंजूरी के संबंध में परियोजना से जुडे अपने मुद्दों को पहले ही उठा सकें और उनका समाधान पहले ही निकाला जा सके

****